www.govtjobsalert.in

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Center Name | R K Digital Computer Centre 1 |
| Test Date | 12/06/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

* Note
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** चतुर्भुज ABCD में, ∠A = 53° तथा ∠B = 46° है। ∠C तथा ∠D के समद्विभाजक O पर मिलते हैं। ∠DOC की माप कितनी है?

Ans
✔ 1. 49.5°
✘ 2. 44.5°
✘ 3. 60.5°
✘ 4. 46.5°

**Q.2** D, E, F, G, M, N और O एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। N, D के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। G, E के ठीक बाएं पड़ोस मे बैठा है। E, O के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। F, D के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। M के दाएं से चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✘ 1. F
✘ 2. G
✔ 3. O
✘ 4. D

**Q.3** आठ संख्याओं का औसत 15 है। इनमें से पाँच संख्याओं का औसत 18 है। शेष तीन संख्याओं का औसत कितना है?

Ans
✘ 1. 11
✘ 2. 9
✘ 3. 12
✔ 4. 10

**Q.4** 2024 में ग्लोबल हंगर इंडेक्स स्कोर के अनुसार भारत की श्रेणी क्या थी जो किसी देश में भूख की गंभीरता को दर्शाती है?

Ans
✘ 1. कम (Low)
✘ 2. अलार्मिंग (Alarming)
✘ 3. मध्यम (Moderate)
✔ 4. गंभीर (Serious)

www.govtjobsalert.in

Q.5 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध :: के दाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो जाए?

www.govtjobsalert.in

# : OJR :: QLT : %

Ans
1. # = NIQ, % = RNU
2. # = NIR, % = RMU
3. # = NIQ, % = RMV
4. # = NIQ, % = RMU ✔

Q.6 दिए गए व्यंजक को सरल कीजिए।

$(5z - 9y)^2 + (9z + 5y)^2 - 81z^2$

Ans
1. $25z^2 + 106y^2$ ✔
2. $16z^2 + 114y^2$
3. $30z^2 + 105y^2$
4. $15z^2 + 103y^2$

Q.7 एक व्यक्ति को प्रति माह ₹2,580 वेतन मिलता है। वह हर महीने अपने वेतन का 45% बचाता है। उसका प्रति माह व्यय ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹1,455
2. ₹1,399
3. ₹1,419 ✔
4. ₹1,517

Q.8 भारत का कौन-सा राज्य दक्षिण-पश्चिम और पूर्वोत्तर मानसून दोनों से वर्षा प्राप्त करता है?

Ans
1. महाराष्ट्र
2. तमिलनाडु ✔
3. बिहार
4. गुजरात

Q.9 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

YSM CWQ GAU KEY ?

Ans
1. CIO
2. COI
3. OCI
4. OIC ✔

Q.10 यदि $a^2 + b^2 = 83$, $a \times b = 6$, और a > b है, तो $\frac{a-b}{a+b}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\sqrt{\frac{71}{95}}$ ✔
2. $\frac{71}{95}$
3. $\sqrt{\frac{62}{95}}$
4. $\frac{62}{95}$

www.govtjobsalert.in

Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सा वैदिक मंत्रोच्चार में प्रयुक्त प्राथमिक स्वरों में से एक नहीं है?

www.govtjobsalert.in

Ans
- ✔ 1. मंद्रत
- ✘ 2. उदात्त
- ✘ 3. अनुदात्त
- ✘ 4. स्वरित

Q.12 भारत का कौन-सा शहर, कचरा मुक्त परिवेश बनाने के उद्देश्य से सितंबर 2025 तक भारत का पहला एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन शहर-सह-शिक्षण केंद्र (Integrated Waste Management City-cum-Learning Centre) स्थापित करने के लिए तैयार है?

Ans
- ✘ 1. मुरादाबाद
- ✔ 2. गोरखपुर
- ✘ 3. कानपुर
- ✘ 4. आगरा

Q.13 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, एमएस एक्सेल के नए संस्करणों में प्रस्तुत किए गए 'Spill Range' फीचर के कार्य का उचित वर्णन करता है?

Ans
- ✘ 1. यह पूर्वनिर्धारित मानदंडों के आधार पर, सेल्स की एक विशिष्ट रेंज में डेटा एंट्री को प्रतिबंधित करता है।
- ✔ 2. जब सूत्र द्वारा कई मान प्राप्त होते हैं तो यह सूत्र की आउटपुट रेंज का साइज़ डायनेमिक रूप से बदल देता है।
- ✘ 3. यह कई यूजर्स को एक ही वर्कशीट में एक साथ विभिन्न रेंज को एडिट करने की सुविधा देता है।
- ✘ 4. यह स्वचालित रूप से वर्कबुक को पूर्वनिर्धारित अंतराल पर क्लाउड लोकेशन पर सेव करता है।

Q.14 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, राज्य को कुओं, तालाबों और सार्वजनिक मनोरंजन के स्थानों के उपयोग करने के प्रति भेदभाव करने से रोकता है?

Ans
- ✘ 1. अनुच्छेद 17
- ✔ 2. अनुच्छेद 15
- ✘ 3. अनुच्छेद 16
- ✘ 4. अनुच्छेद 18

Q.15 दक्षिण भारत की सबसे ऊंची चोटी अनाईमुडी (Anaimudi), किन तीन पहाड़ी श्रृंखलाओं के संगम (tri-junction) पर स्थित है?

Ans
- ✔ 1. अन्नामलाई पर्वतश्रृंखला, इलायची पहाड़ियाँ, पलानी पहाड़ियाँ
- ✘ 2. महादेव पहाड़ियाँ, मैकल पर्वतमाला, राजपीपला पहाड़ियाँ
- ✘ 3. नीलगिरी पहाड़ियाँ, पश्चिमी घाट, पूर्वी घाट
- ✘ 4. राजमहल पहाड़ियाँ, गारो पहाड़ियाँ, खासी पहाड़ियाँ

Q.16 यदि 7.4 : 3.7 :: 3.7 : x है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ 1. 1.85
- ✘ 2. 5.27
- ✘ 3. 6.88
- ✘ 4. 0.58

Q.17 भारत में सहकारी आंदोलन (co-operative movement) की जांच के लिए 1915 की समिति की अध्यक्षता किसने की?

Ans
- ✔ 1. सर एडवर्ड मैक्लेगन (Sir Edward Maclagan)
- ✘ 2. सर जॉन साइमन (Sir John Simon)
- ✘ 3. लॉर्ड कर्जन (Lord Curzon)
- ✘ 4. लॉर्ड इरविन (Lord Irwin)

www.govtjobsalert.in

Q.18 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

61 54 61 47 61 40 61 ?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 31
2. 37
3. 33 ✔
4. 40

Q.19 मार्च 2025 में विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन (WSDS) कहाँ आयोजित किया गया?

Ans
1. बेंगलुरु, भारत
2. हैदराबाद, भारत
3. नई दिल्ली, भारत ✔
4. मुंबई, भारत

Q.20 मई 2025 में, निम्नलिखित में से कौन भारत के 25वें मुख्य न्यायाधीश बनेंगे?

Ans
1. न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया
2. न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा
3. न्यायमूर्ति पामिडीघंटम श्री नरसिम्हा
4. न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ✔

Q.21 24 cm त्रिज्या वाली एक अर्धगोलाकार टोपी का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 9220π
2. 9208π
3. 9216π ✔
4. 9212π

Q.22 एक स्कूल में, खेलों में भाग लेने वाली लड़कियों और लड़कों की संख्या का अनुपात 1 : 5 है। यदि खेलों में भाग लेने वाली लड़कियों की संख्या 201 है, तो खेलों में भाग लेने वाले लड़कों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1025
2. 980
3. 1035
4. 1005 ✔

Q.23 निम्नलिखित संख्या-प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 2 6 % 2 6 4 € 7 * 9 $ 3 € 6 1 2 @ 8 % € 9 2 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक प्रतीक है?

Ans
1. 3
2. 1 ✔
3. 2
4. 0

Q.24 सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) निम्नलिखित में से किस समय अंतराल पर औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) जारी करता है?

Ans
1. त्रैमासिक
2. मासिक ✔
3. साप्ताहिक
4. अर्धवार्षिक

www.govtjobsalert.in

Q.25 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

www.govtjobsalert.in

कथन:
सभी ट्रक, बड़े हैं।
सभी बड़ी, कारें हैं।
सभी कारें, लंबी हैं।

निष्कर्ष:
**(I)** सभी बड़े, ट्रक हैं।
**(II)** सभी कारें, बड़ी हैं।

Ans
1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.26 यदि संख्या 6193425 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनने वाली नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
1. दो
2. तीन
3. एक
4. एक भी नहीं

Q.27 अरुणाचल प्रदेश में हिमालय पर्वतमाला किस प्रकार स्थित है?

Ans
1. उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व
2. दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पश्चिम
3. उत्तर से दक्षिण
4. पूर्व से पश्चिम

Q.28 निम्नलिखित में से किसे 1857 के विद्रोह का महत्वपूर्ण कारण नहीं माना जाता है?

Ans
1. सती प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या और विधवा विवाह को बढ़ावा देने वाली ब्रिटिश नीतियां
2. व्यपगत सिद्धांत की नीति
3. शासक और शासित के बीच संपर्क का अभाव
4. ग्रीसयुक्त कारतूस का परिचय

Q.29 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनो/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. BV-GN
2. JD-OW
3. UO-ZG
4. WQ-BI

Q.30 यदि संख्या 3678154 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े तथा सबसे छोटे अंकों के मध्य अंतर कितना होगा?

Ans
1. 7
2. 5
3. 4
4. 6

www.govtjobsalert.in

Q.31 99 km/hr की चाल से चलने वाली ट्रेन A को विपरीत दिशा में 72 km/hr की चाल से चलने वाली ट्रेन B को पूरी तरह से पार करने में 46 सेकंड लगते हैं। ट्रेन B की लंबाई ट्रेन A की लंबाई की 1.5 गुनी है। ट्रेन B एक पुल को 82 सेकंड में पूरी तरह से पार करती है। पुल की लंबाई (m में) कितनी है?

www.govtjobsalert.in

Ans
- ✗ 1. 426
- ✗ 2. 424
- ✗ 3. 369
- ✓ 4. 329

Q.32 PM E-DRIVE योजना के तहत निम्नलिखित में से कौन-सी वाहन श्रेणियां, मांग प्रोत्साहन के लिए पात्र नहीं हैं?

Ans
- ✗ 1. उन्नत बैटरी वाले इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन
- ✗ 2. व्यावसायिक उपयोग के लिए इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन
- ✗ 3. वैध स्क्रैपिंग प्रमाणपत्र वाले इलेक्ट्रिक ट्रक
- ✓ 4. निजी उपयोग के लिए इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन

Q.33 भारत-रूस द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास इन्द्र (INDRA)-2025 का 14वां संस्करण कहाँ आयोजित किया गया?

Ans
- ✓ 1. चेन्नई
- ✗ 2. कोच्चि
- ✗ 3. विशाखापत्तनम
- ✗ 4. मुंबई

Q.34 1892 के भारतीय परिषद अधिनियम में, ब्रिटिश सरकार ने भारतीयों की मांगों के जवाब में कुछ सुधार पेश किए। निम्नलिखित में से क्या इस अधिनियम का महत्वपूर्ण प्रावधान था?

Ans
- ✗ 1. मुसलमानों के लिए एक अलग निर्वाचन क्षेत्र की स्थापना
- ✓ 2. इंपीरियल विधान परिषद में भारतीय प्रतिनिधित्व का प्रावधान
- ✗ 3. भारतीय प्रांतों को पूर्ण स्वशासन प्रदान करना
- ✗ 4. विधान परिषदों के लिए प्रत्यक्ष चुनाव की शुरूआत

Q.35 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में राज्य को लोगों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए एक सामाजिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश के बारे में वर्णन किया गया है?

Ans
- ✓ 1. अनुच्छेद 38
- ✗ 2. अनुच्छेद 39
- ✗ 3. अनुच्छेद 37
- ✗ 4. अनुच्छेद 40

Q.36 M, N, O, S, T और U एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपर के तल का क्रमांक 6 है। T सबसे ऊपरी तल पर रहता है। T और N के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। O, N से नीचे के किसी तल पर रहता है। S सम क्रमांक वाले किसी तल पर रहता है। U विषम क्रमांक वाले किसी तल पर रहता है, लेकिन तल क्रमांक 5 पर नहीं रहता है। M और N के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
- ✗ 1. चार
- ✓ 2. दो
- ✗ 3. तीन
- ✗ 4. एक

Q.37 एक निश्चित कूट भाषा में, 'PREY' को '6482' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'YOLK' को '3671' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कोड भाषा में 'Y' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
- ✗ 1. 1
- ✗ 2. 2
- ✓ 3. 6
- ✗ 4. 3

Q.38 निम्नलिखित में से कौन-सा शहर, भारत के वर्षा-छाया प्रदेश में स्थित है?

www.govtjobsalert.in

Ans ✔ 1. पुणे

✗ 2. कोचीन

✗ 3. शिलांग

✗ 4. गोवा

Q.39 एक दुकानदार को अपने क्रय मूल्य पर 30% लाभ की उम्मीद है। यदि एक सप्ताह में उसकी बिक्री आय ₹2,938 थी, तो उसका लाभ (₹ में) कितना था?

Ans ✔ 1. 678

✗ 2. 679

✗ 3. 676

✗ 4. 680

Q.40 प्रति व्यक्ति आय आर्थिक विकास का एक संकेतक है। 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद भारत की प्रति व्यक्ति आय में क्या परिवर्तन आया?

Ans ✔ 1. काफी वृद्धि हुई

✗ 2. स्थिर बनी रही

✗ 3. ऋणात्मक हो गई

✗ 4. तेजी से गिरावट आई

Q.41 संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद की शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। दिए गए कूट और शर्तों का अध्ययन करें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| संख्या/प्रतीक | * | 2 | 5 | 7 | $ | + | 8 | % | # | 9 | & | 6 | $ | 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | H | D | O | A | B | P | B | Q | Z | Y | R | B | U | F |

शर्तें:
यदि पहला घटक एक प्रतीक है और अंतिम घटक एक विषम संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम घटक) के कूटों को परस्पर बदल दिया जाएगा।
यदि पहला घटक विषम संख्या है और अंतिम घटक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।
यदि दूसरा और तीसरा दोनों घटक पूर्ण घन हैं, तो तीसरे घटक को दूसरे घटक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।
निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?

# 8 9 $

Ans ✗ 1. ZYYU

✔ 2. ZBYU

✗ 3. UBYZ

✗ 4. ZBBU

www.govtjobsalert.in

Q.42 तीन संख्याएँ 8 : 2 : 1 के अनुपात में हैं, और उनका LCM, 7552 है। उनका HCF ज्ञात कीजिए।

Ans ✗ 1. 486

✔ 2. 472

✗ 3. 502

✗ 4. 456

Q.43 टाउन G, टाउन H के दक्षिण में है। टाउन I, टाउन H के पूर्व में है। टाउन J, टाउन I के पश्चिम में है। टाउन K, टाउन J के उत्तर में है। टाउन G, टाउन K के दक्षिण-पूर्व में है। टाउन J के संबंध में टाउन H की स्थिति क्या है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. उत्तर
2. दक्षिण
3. पश्चिम
4. पूर्व

Q.44 महात्मा गांधी की ओर से 1932 के पूना समझौते पर किसने हस्ताक्षर किए थे, क्योंकि उस समय वे जेल में थे?

Ans
1. सरदार वल्लभभाई पटेल
2. जवाहरलाल नेहरू
3. पंडित मदन मोहन मालवीय
4. डॉ. राजेंद्र प्रसाद

Q.45 एक नल एक टंकी को 14 घंटे में भरता है। दूसरा नल पूरी तरह से भरी हुई टंकी को 18 घंटे में खाली कर देता है। यदि टंकी खाली है और दोनों नल एक साथ खुले हो, तो टंकी को पूरी तरह भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?

Ans
1. 65
2. 64
3. 66
4. 63

Q.46 जर्मनवॉच (Germanwatch), न्यू क्लाइमेट इंस्टीट्यूट और क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक 2025 में भारत की रैंक कौन-सी है?

Ans
1. 12वीं
2. 15वीं
3. 8वीं
4. 10वीं

Q.47 निर्मल ने एक बैंक में 3% वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर ₹1,380 निवेश किए। 3 वर्ष बाद उसे कितनी धनराशि (₹ में) मिलेगी?

Ans
1. 124.2
2. 224.2
3. 1,504.2
4. 1,404.2

Q.48 शेखर कपूर को 2025 में किस क्षेत्र में उनके कार्य के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया?

Ans
1. चिकित्सा
2. विज्ञान
3. कला
4. साहित्य

Q.49 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। B एक सम क्रमांक वाले तल पर रहता है, लेकिन 6 नहीं। F और B जिन तलों पर रहते हैं उनका योग 7 है। D, C के ठीक ऊपर रहता है। B और E जिन तलों पर रहते हैं उनका योग 3 है। D के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
1. 3
2. 4
3. 2
4. 1

www.govtjobsalert.in

Q.50 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

www.govtjobsalert.in

Ans ✔ 1. LRN

✘ 2. SYT

✘ 3. QWR

✘ 4. NTO

Q.51 एमएस वर्ड 2019 में, एक संपूर्ण पैराग्राफ को त्वरित रूप से सेलेक्ट करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है?

Ans ✔ 1. पैराग्राफ में किसी भी शब्द पर ट्रिपल-क्लिक करें।

✘ 2. राइट-क्लिक करें और मेनू में उपलब्ध विकल्पों में से 'Paragraph' चुनें।

✘ 3. पैराग्राफ में कहीं भी डबल-क्लिक करें।

✘ 4. पैराग्राफ पर क्लिक करते समय Alt दबाकर रखें।

Q.52 किसी एंजाइम का माइकेलिस-मेन्टन स्थिरांक (Km) को ____________ के रूप में परिभाषित किया जाता है।

Ans ✘ 1. अधिकतम अभिक्रिया दर (Vmax)

✘ 2. अवरोधक सांद्रता जो एंजाइम सक्रियता को 50% तक कम कर देती है

✔ 3. क्रियाधार सांद्रता जिस पर अभिक्रिया दर, Vmax की आधी होती है

✘ 4. अर्ध-अधिकतम उत्प्रेरण के लिए आवश्यक एंजाइम सांद्रता

Q.53 निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत के उत्तरी मैदान का भौगोलिक उपखंड नहीं है?

Ans ✘ 1. भांगर

✔ 2. विंध्य पठार

✘ 3. खादर

✘ 4. तराई क्षेत्र

Q.54 हड़प्पावासी मुख्यत: किस प्रकार के औजारों का उपयोग करते थे?

Ans ✘ 1. स्टील के औजार

✘ 2. लोहे के औजार

✘ 3. लकड़ी के औजार

✔ 4. कांस्य के औजार

Q.55 MP 14 एक निश्चित तरीके से LS −1 से संबंधित है। उसी तरह NK 5, MN −10 से संबंधित है। उसी तर्क का पालन करते हुए, SW −1 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans ✘ 1. VC −13

✘ 2. VW −20

✘ 3. TR −18

✔ 4. RZ −16

Q.56 श्रीमान P बिंदु C से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 5 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु C पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans ✘ 1. 4 km, उत्तर की ओर

✘ 2. 2 km, पूर्व की ओर

✘ 3. 2 km, पश्चिम की ओर

✔ 4. 4 km, दक्षिण की ओर

www.govtjobsalert.in

Q.57 संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 216 $cm^2$ वाले घन का आयतन ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 343 $cm^3$
2. 216 $cm^3$
3. 125 $cm^3$
4. 180 $cm^3$

Q.58 अजमेर में 'अढ़ाई दिन का झोपड़ा' निम्नलिखित में से किस राजवंश के काल में बनाया गया था?

Ans
1. लोदी वंश
2. खिलजी वंश
3. तुगलक वंश
4. गुलाम वंश

Q.59 जब आप एमएस-पावरपॉइंट 2019 में F5 प्रेस करते हैं, तो क्या होता है?

Ans
1. एक नई स्लाइड इन्सर्ट हो जाती है
2. स्लाइड शो शुरूआत से स्टार्ट होता है
3. प्रेजेंटेशन सेव हो जाता है
4. 'Print' डायलॉग बॉक्स ओपन हो जाता है

Q.60 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

JLO HJM FHK DFI ?

Ans
1. BEH
2. BEG
3. BDH
4. BDG

Q.61 उस संगठन का नाम क्या है जिसने 2025 में भारत के पहले क्वांटम की डिस्ट्रीब्यूशन (Quantum Key Distribution - QKD) ट्रांसमिशन का परीक्षण करने के लिए स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (STL) के साथ सहयोग किया?

Ans
1. सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स (C-DOT)
2. प्रगत संगणन विकास केंद्र (C-DAC)
3. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT)
4. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT)

Q.62 पेनिसिलिन की खोज को चिकित्सा क्षेत्र में क्रांतिकारी क्यों माना जाता है?

Ans
1. इसका उपयोग केवल पशुओं में किया जाता था।
2. इसने संक्रमण के बजाय दर्द का उपचार किया।
3. इसका उपयोग बैक्टीरिया को रंगने के लिए किया जाता था।
4. इसने प्रतिजैविक युग की शुरुआत की।

Q.63 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के समान हो?

# : TVS :: IKH : %

Ans
1. # = IOV, % = WEE
2. # = WYV, % = FHE
3. # = WOZ, % = UQE
4. # = KNV, % = FXC

www.govtjobsalert.in

Q.64 मेंडेलीव की सारणी में आयोडीन को किस वर्ग में रखा गया था?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. वर्ग V
2. वर्ग VII ✔
3. वर्ग VI
4. वर्ग VIII

Q.65 सिंधु घाटी सभ्यता के दौरान लोथल निम्नलिखित में से किसके लिए महत्वपूर्ण था?

Ans
1. आध्यात्मिक अनुष्ठान
2. सैन्य अड्डा
3. समुद्री व्यापार ✔
4. तांबा खनन

Q.66 राहुल ने अपनी वस्तु का मूल्य उसके क्रय मूल्य से 64% अधिक अंकित किया। यदि वह 50% की छूट देने के बाद वस्तु को ₹59,860 में बेचता है, तो वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 72,997
2. 72,999
3. 73,001
4. 73,000 ✔

Q.67 29%, 28% और 13% की तीन क्रमिक छूटों के बराबर एकल छूट (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 55.53% ✔
2. 56.92%
3. 57.27%
4. 58.85%

Q.68 द्विघात समीकरण $9x^2 - 9x + 1 = 0$ के मूल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\frac{(-9 + \sqrt{45})}{9}$ & $\frac{(9 + \sqrt{45})}{4.5}$
2. $\frac{(9 + \sqrt{45})}{18}$ & $\frac{(9 - \sqrt{45})}{18}$ ✔
3. $\frac{(-9 + \sqrt{45})}{9}$ & $\frac{(-9 - \sqrt{45})}{9}$
4. $\frac{(9 + \sqrt{45})}{4.5}$ & $\frac{(9 - \sqrt{45})}{4.5}$

Q.69 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

972 970 966 960 952 ?

Ans
1. 438
2. 941
3. 942 ✔
4. 940

www.govtjobsalert.in

Q.70 यश 204 km की यात्रा 68 km/hr की चाल से तय करता है, अगली 424 km की यात्रा 53 km/hr की चाल से और उसके बाद 366 km की यात्रा 61 km/hr की चाल से तय करता है। पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए। (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित)

www.govtjobsalert.in

Ans ✗ 1. 57.62

✗ 2. 65.87

✗ 3. 67.92

✓ 4. 58.47

Q.71 एक निश्चित कूट भाषा में, 'NEWS' को '6482' के रूप में और 'WORK' को '3671' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'W' के लिए कूट क्या होगा?

Ans ✗ 1. 8

✗ 2. 1

✓ 3. 6

✗ 4. 3

Q.72 निम्नलिखित में से किसने तीरंदाजी विश्व कप 2025 स्टेज 1 में पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में कांस्य पदक जीता?

Ans ✗ 1. तरुणदीप राय

✗ 2. अभिषेक वर्मा

✗ 3. अतनु दास

✓ 4. धीरज बोम्मादेवरा

Q.73 $\frac{8^2 \times 7^3}{\sqrt{64} \times \sqrt{2401}}$ को सरल कीजिए।

Ans ✗ 1. 58

✗ 2. 57

✗ 3. 47

✓ 4. 56

Q.74 जनशक्ति में कमी के कारण, एक कारखाने में उत्पादन 20% कम हो जाता है। मूल उत्पादन को बहाल करने के लिए कार्य घंटों में कितने प्रतिशत की वृद्धि की जानी चाहिए?

Ans ✗ 1. 80%

✓ 2. 25%

✗ 3. 40%

✗ 4. 20%

Q.75 यदि आठ अंकीय संख्या 32043p88, 4 से विभाज्य है, तो p का अधिकतम मान ज्ञात कीजिए।

Ans ✗ 1. 5

✗ 2. 4

✓ 3. 9

✗ 4. 7

Q.76 100 पदों का माध्य और मानक विचलन क्रमशः 50 तथा 3 हैं। 100 पदों के वर्गों का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans ✗ 1. 2,50,000

✓ 2. 2,50,900

✗ 3. 2,70,000

✗ 4. 2,49,000

www.govtjobsalert.in

Q.77 भारत में पंचायती राज व्यवस्था के संदर्भ में, 'ग्राम पंचायत' शब्द का क्या अर्थ है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. ब्लॉक स्तर की समिति
2. शहरी नगर निगम
3. जिला स्तरीय प्रशासनिक निकाय
4. ग्राम स्तर पर स्थानीय सरकार ✓

Q.78 शीर्ष A(1, 4), B(7, 8) और C(10, 12) वाले एक त्रिभुज के केन्द्रक के निर्देशांक ज्ञात कीजिए।

Ans
1. (6, 8) ✓
2. (7, 9)
3. (6, 9)
4. (7, 8)

Q.79 नवंबर 2024 में 'भूल जाने के अधिकार' पर दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
1. न्यायालय ने याचिकाकर्ता को अपनी पहचान छिपाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और सर्च इंजन का सहारा लेने की अनुमति दे दी। ✓
2. इस निर्णय में दोषमुक्ति या निरस्त आपराधिक कार्यवाही के मामलों में 'भूल जाने के अधिकार' की प्रयोज्यता को अस्वीकार कर दिया गया।
3. न्यायालय ने फैसला सुनाया कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वैवाहिक विवाद में शामिल दम्पति के नाम सार्वजनिक रूप से सुलभ होने चाहिए।
4. न्यायालय ने कहा कि वैवाहिक मामलों में निजता का अधिकार सार्वजनिक हित से ऊपर नहीं जा सकता।

Q.80 A किसी कार्य को 24 दिनों में पूरा कर सकता है और B इसे 28 दिनों में पूरा कर सकता है। यदि वे पहले दिन B से शुरू करते हुए एकांतर दिनों पर कार्य करते हैं, तो कार्य कितने दिनों में पूरा हो जाएगा?

Ans
1. $24\frac{1}{6}$
2. $25\frac{1}{6}$
3. $24\frac{6}{7}$
4. $25\frac{6}{7}$ ✓

Q.81 103वें संशोधन अधिनियम, 2019 के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (EWS) के लिए आरक्षण का अधिकतम प्रतिशत कितना है?

Ans
1. 5%
2. 10% ✓
3. 13%
4. 18%

Q.82 यदि A की आयु का 5 गुना, B की आयु में जोड़ा जाए, तो योगफल 95 वर्ष होता है। यदि B की आयु का 2.2 गुना, A की आयु में जोड़ा जाए, तो योगफल 63 वर्ष होता है। B की आयु (वर्ष में) कितनी है?

Ans
1. 22 ✓
2. 25
3. 19
4. 21

www.govtjobsalert.in

Q.83 **कंप्यूटर सिस्टम में प्राथमिक और द्वितीयक मेमोरी के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

Ans ❌ 1. द्वितीयक मेमोरी वोलेटाइल होती है, जिसका अर्थ है कि बिजली बंद होने पर डेटा नष्ट हो जाता है, जबकि प्राथमिक मेमोरी नॉन-वोलेटाइल होती है और डेटा को बरकरार रखती है।

www.govtjobsalert.in

❌ 2. निर्देशों को संसाधित करने के लिए प्राथमिक और द्वितीयक मेमोरी दोनों ही CPU द्वारा सीधे एक्सेस की जा सकती हैं।

✔ 3. प्राथमिक मेमोरी तेज़ होती है लेकिन इसकी स्टोरेज क्षमता कम होती है, जबकि द्वितीयक मेमोरी धीमी होती है लेकिन बड़ी स्टोरेज क्षमता प्रदान करती है।

❌ 4. प्राथमिक मेमोरी का उपयोग दीर्घकालिक स्टोरेज के लिए किया जाता है, जबकि द्वितीयक मेमोरी का उपयोग डेटा के अस्थायी स्टोरेज के लिए किया जाता है।

---

Q.84 **C, D, E, F, S, T और U में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। D से पहले किसी की भी परीक्षा नहीं होती है। D और T के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा होती है। T और S के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा होती है। C की परीक्षा बुधवार को होती है। E की परीक्षा F के बाद किसी दिन लेकिन U से पहले किसी दिन होती है। E की परीक्षा सप्ताह के किस दिन होती है?**

Ans ❌ 1. सोमवार

❌ 2. शनिवार

✔ 3. गुरुवार

❌ 4. मंगलवार

---

Q.85 **यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।**

**(बाएं) 823 664 309 431 175 (दाएं)**

**(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)**
**(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)**

**यदि सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?**

Ans ✔ 1. 13

❌ 2. 16

❌ 3. 12

❌ 4. 14

---

Q.86 **यदि 'P' का अर्थ '÷' है, 'Q' का अर्थ '×' है, 'R' का अर्थ '+' है और 'S' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित में से किसका परिणाम 200 होगा?**

Ans ❌ 1. 64 R 16 Q 32 S 60 P 8

✔ 2. 64 P 16 S 60 R 32 Q 8

❌ 3. 64 Q 16 P 60 R 32 S 8

❌ 4. 64 S 16 R 60 P 32 Q 8

---

Q.87 **सात व्यक्ति, D, E, F, G, Q, R और S, उत्तर की ओर मुंह करके एक पंक्ति में बैठे हैं। F के बाईं ओर कोई नहीं बैठा है। F और D के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। Q के दाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। G, S के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। E, Q का निकटतम पड़ोसी नहीं है। पंक्ति के दाहिने छोर पर कौन बैठा है?**

Ans ❌ 1. F

✔ 2. E

❌ 3. D

❌ 4. S

---

Q.88 **एक कक्षा टेस्ट में 50 विद्यार्थियों के औसत अंक 45 हैं। बाद में, यह पाया गया कि एक उदाहरण में, 25 अंक को गलती से 35 के रूप में दर्ज किया गया था, और दूसरे उदाहरण में, 30 अंक को गलती से 28 के रूप में दर्ज किया गया था। कक्षा के वास्तविक औसत अंक ज्ञात कीजिए।**

Ans ✔ 1. 44.84

❌ 2. 44.56

❌ 3. 44.64

❌ 4. 43.86

www.govtjobsalert.in

Q.89 किस वर्ष सरकार ने आत्मनिर्भर भारत के लिए नई सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (PSE) नीति को अधिसूचित किया, जो रणनीतिक विनिवेश पर समग्र मार्गदर्शन प्रदान करती है, और अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में PSE में सरकार की उपस्थिति को कम करने का इरादा रखती है?

www.govtjobsalert.in

Ans
- ✗ 1. 2025
- ✗ 2. 2023
- ✓ 3. 2021
- ✗ 4. 2024

Q.90 यदि संख्या 571649 में प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नयी संख्या में बायीं ओर से अंतिम तीन अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans
- ✗ 1. 14
- ✗ 2. 24
- ✓ 3. 22
- ✗ 4. 18

Q.91 यदि 18% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित किया जाए तो ₹60,000 की राशि एक वर्ष बाद कितनी हो जाएगी?

Ans
- ✗ 1. ₹71,391
- ✗ 2. ₹72,166
- ✓ 3. ₹71,286
- ✗ 4. ₹70,471

Q.92 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाओं के परिणामस्वरूप दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी तरह, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाओं के परिणामस्वरूप तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी तरह आगे की संख्याएं प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन सा विकल्प दिए गए समुच्चयों के समान संक्रियाओं के समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए- 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)
**5 - 6 - 10 - 20 ; 12 - 13 - 17 - 34**

Ans
- ✗ 1. 15 - 16 - 20 - 30
- ✓ 2. 17 - 18 - 22 - 44
- ✗ 3. 7 - 8 - 12 - 26
- ✗ 4. 23 - 24 - 28 - 54

Q.93 एक सीढ़ी दीवार के सहारे टिकी हुई है और ग्राउंड से 30° का कोण बना रही है। यदि सीढ़ी 8 m लंबी है, तो दीवार पर यह कितनी ऊँचाई तक पहुँचती है?

Ans
- ✗ 1. 10 m
- ✓ 2. 4 m
- ✗ 3. 6 m
- ✗ 4. 8 m

Q.94 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A+ B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'

उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'M × N ÷ O – P + Q' है, तो M का Q से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ 1. बहन
- ✗ 2. पुत्री
- ✗ 3. पत्नी
- ✓ 4. माता

www.govtjobsalert.in

Q.95 एमएस एक्सेल इंटरफ़ेस का निम्नलिखित में से कौन-सा एलिमेंट, वर्तमान में सक्रिय सेल या सेल की सेलेक्ट की गई रेंज का नाम डिस्प्ले करता है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. नेम बॉक्स (The Name Box) ✔
2. रिबन (The Ribbon) ✘
3. स्टेटस बार (The Status Bar) ✘
4. फ़ॉर्मूला बार (The Formula Bar) ✘

Q.96 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 983 986 481 941 167 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के पहले अंक से घटाया जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
1. −4 ✘
2. −6 ✘
3. −2 ✘
4. −5 ✔

Q.97 प्रेक्षण 93, 38, 12, 55, 70, 98, 60, 49, 53, 11 और 38 की माध्यिका ज्ञात करें।

Ans
1. 55 ✘
2. 53 ✔
3. 49 ✘
4. 60 ✘

Q.98 $25 \div \left\{7 \times \left(\frac{3}{5} \text{ of } \frac{5}{9}\right)\right\}$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\frac{73}{7}$ ✘
2. $\frac{85}{7}$ ✘
3. $\frac{75}{7}$ ✔
4. $\frac{68}{7}$ ✘

Q.99 नवंबर 2024 में, भारतीय विदेश मंत्री ने निम्नलिखित में से किस ऑस्ट्रेलियाई शहर में भारत के चौथे वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया?

Ans
1. सिडनी ✘
2. ब्रिस्बेन ✔
3. मेलबर्न ✘
4. पर्थ ✘

Q.100 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के समान हो?

# : NQP :: HKJ : %

Ans
1. # = OMS, % = ERG ✘
2. # = YTS, % = EUG ✘
3. # = QTS, % = EHG ✔
4. # = QTO, % = EEG ✘

www.govtjobsalert.in